एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार
अमृत विचार
विक्रम संवत 2083 | बरेली | बुधवार, 1 अप्रैल 2026, वर्ष
PAGE NO, IV, MIDDLE

श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 टूर्नामेंट तीन अप्रैल से

बरेली, अमृत विचार: एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट का छठा सीजन तीन अप्रैल से शुरू होगा। फाइनल मुकाबला 12 अप्रैल को खेला जाएगा। टूर्नामेंट का आयोजन एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में किया जाएगा। इसमें मेरठ, अमरोहा, बुलंदशहर, प्रयागराज, पीलीभीत, दिल्ली और बरेली की 12 टीमें हिस्सा लेंगी। यह जानकारी ट्रस्ट के सेक्रेटरी और बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक आदित्य मूर्ति ने दी। आयोजन समिति ने इस बार टूर्नामेंट की इनामी राशि बढ़ा दी है। विजेता टीम को दो लाख और उपविजेता को एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। वहीं, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट को 11 हजार रुपये और बेस्ट बल्लेबाज व बॉलर को 5100-5100 रुपये मिलेंगे। प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच को ट्रॉफी दी जाएगी।